**Booklet Series**

**A**

**Serial No.**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Question Booklet

# LANGUAGE, GENERAL STUDIES AND HINDI

**Time Allowed : 2:30 Hours**

**Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into three Parts—Part–I, Part–II and Part–III. Part–I contains questions of **Language (Qualifying)**, Part–II contains questions of **General Studies** and Part–III contains questions of **Hindi**.
2. **Part–I** consists of Question Nos. **1** to **30**, **Part–II** consists of Question Nos. **31** to **70** (the questions and their responses are printed in English and Hindi versions both) and **Part–III** consists of Question Nos. **71** to **150**.
3. **All** questions carry equal marks.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including one page (Page No. 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
6. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
7. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
8. Each question comprises of **five** responses—(A), (B), (C), (D) and (E). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
9. In the Answer Sheet, there are **five** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

## PART—I

### ( LANGUAGE )

**Directions (Q. Nos. 1 and 2) :** Fill in the blanks with suitable articles like 'a', 'an' and 'the' :

**1.** In this school, all _____ students are given free education.

(A) an

(B) a

(C) the

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**2.** I have a friend in Mumbai who is _____ actress.

(A) a

(B) an

(C) the

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**3.** Which of the following is ***not*** a river?

(A) Bay of Bengal

(B) Godavari

(C) Ganga

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**4.** Which of the following is ***not*** a part of drawing room?

(A) Washing machine

(B) Chimney

(C) Sofa set

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**5.** Today is Sunday. The day before yesterday was

(A) Tuesday

(B) Friday

(C) Thursday

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**6.** November comes after the month of

(A) September

(B) December

(C) January

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**7.** Husband's brother is

(A) cousin

(B) son

(C) brother-in-law

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**8.** Mother's parents are

(A) son-in-laws

(B) maternal grandparents

(C) paternal grandparents

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'प्रत्यय-रहित' शब्द है?

(A) झुकाव

(B) भावविह्वल

(C) उल्लेखनीय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** भाषा की उपयुक्त परिभाषा है

(A) विचार या भाव प्रकट करने वाला सार्थक ध्वनिसमूह भाषा कहलाता है

(B) विचार या भाव को लिपि-चिह्नों में प्रकट करने को भाषा कहते हैं

(C) विचार या भाव प्रकट करने का साधन भाषा है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** स्वर के कितने प्रकार हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** ह्रस्व स्वर कौन-सा है?

(A) अ

(B) आ

(C) ई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** उच्चारण के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण कितने भागों में किया जा सकता है?

(A) छः

(B) सात

(C) आठ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** 'अल्पप्राण' ध्वनि कौन-सी है?

(A) ख

(B) च

(C) छ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** 'घोष' ध्वनि कौन-सी है?

(A) ग

(B) ज

(C) ध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** स्पर्शी व्यंजन है

(A) प

(B) फ

(C) म

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

For More Visit : Notifyhere.com

Join Telegram Channel : @Notifyhere

**17.** 'अग्नि' शब्द का विशेषण है

(A) आगृही

(B) आग्नेय

(C) आग्निक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** प्रकंपी व्यंजन है

(A) श

(B) स

(C) र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** अर्ध स्वर है

(A) य

(B) व

(C) ड़

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** चवर्ग का व्यंजन है

(A) छ्

(B) ज्

(C) झ्

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** (क) केकी, (ख) विहंग, (ग) खग, (घ) पिक विकल्पों में से कौन-सा युग्म 'पक्षी' के पर्याय का है?

(A) (क) और (ख)

(B) (ख) और (ग)

(C) (ग) और (घ)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** विलोम शब्द का कौन-सा युग्म सही है?

(A) कापुरुष–कायर

(B) कुत्सा–निंदा

(C) सकल–विकल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(A) यह कहना आपकी गलती है।

(B) चरखा चलाना चाहिए।

(C) मुझसे यह काम संभव नहीं।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** रचना के आधार पर कौन-सा विकल्प वाक्य का भेद **नहीं** है?

(A) उपवाक्य

(B) सरल वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**25.** जिन शब्दों से न्यूनता, लघुता, हीनता या तुच्छता का बोध हो, उसे क्या कहते हैं?

(A) ऊनार्थक शब्द

(B) एकार्थी शब्द

(C) अनेकार्थी शब्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** 'जिसे बुलाया न गया हो' वाक्यांश के लिए प्रयुक्त एक शब्द क्या होगा?

(A) अनासक्त

(B) अदेय

(C) अनाहूत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** संज्ञा की माप-तौल का बोध कराने वाले विशेषण कहलाते हैं

(A) संख्यावाचक

(B) परिमाणवाचक

(C) सार्वनामिक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** रचना के आधार पर 'जल' शब्द किस कोटि का है?

(A) रूढ़ शब्द

(B) यौगिक शब्द

(C) योगरूढ़ शब्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा मात्रिक छन्द है?

(A) दोहा

(B) सोरठा

(C) इंद्रवज्रा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** "उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग।
बिकसे संत सरोज सब हरषे लोचन भृंग॥"

उपर्युक्त दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(A) रूपक

(B) उपमा

(C) उत्प्रेक्षा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

# PART—II

## ( GENERAL STUDIES )

**31.** The cost of 5 bats and 18 balls is ₹ 6,500 and the cost of 2 bats and 20 balls is ₹ 4,200. What are the costs of one bat and one ball respectively?

(A) ₹ 850, ₹ 125

(B) ₹ 630, ₹ 115

(C) ₹ 780, ₹ 150

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**32.** A shopkeeper purchases an item at ₹ 615 and sells it at ₹ 820. What is his percentage profit?

(A) 25%

(B) 33·33%

(C) 35·50%

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**33.** A hacker finds that the ATM PIN of a person has first two digits ranging from 3 to 8, and the fourth digit is either 0 or 9. How many attempts must the hacker try in order to decode the PIN?

(A) 48

(B) 24

(C) 720

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**34.** The lengths of two sides of a triangle are 8 cm and 9 cm, and its area is $12\sqrt{5}$ cm$^2$. What is the length of the third side?

(A) 5 cm

(B) 9 cm

(C) 7 cm

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**35.** There are 50 numbers. Each number is subtracted from 53, and the mean of the numbers so obtained is found to be  3 5. The mean of the given numbers is

(A) 56·5

(B) 53·5

(C) 49·5

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

## PART—II

## ( GENERAL STUDIES )

**31.** 5 बल्लों और 18 गेंदों की कीमत ₹ 6,500 है तथा 2 बल्लों और 20 गेंदों की कीमत ₹ 4,200 है। एक बल्ला और एक गेंद की कीमतें हैं, क्रमशः

(A) ₹ 850, ₹ 125

(B) ₹ 630, ₹ 115

(C) ₹ 780, ₹ 150

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** एक दुकानदार किसी वस्तु को ₹ 615 में खरीदता है और उसे ₹ 820 में बेच देता है। उसका प्रतिशत मुनाफ़ा कितना है?

(A) 25%

(B) 33·33%

(C) 35·50%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** एक हैकर पता लगाता है कि एक व्यक्ति के ATM PIN के पहले दो अंक 3 से 8 तक की संख्याओं में से हैं, और चौथा अंक 0 या 9 है। उस हैकर को PIN का पता करने के लिए कितने प्रयास करने पड़ेंगे?

(A) 48

(B) 24

(C) 720

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** एक त्रिभुज की दो भुजाओं की लंबाइयाँ 8 से॰ मी॰ और 9 से॰ मी॰ हैं तथा इसका क्षेत्रफल $12\sqrt{5}$ वर्ग से॰ मी॰ है। इसकी तीसरी भुजा की लंबाई क्या है?

(A) 5 से॰ मी॰

(B) 9 से॰ मी॰

(C) 7 से॰ मी॰

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** 50 संख्याएँ दी हुई हैं। प्रत्येक संख्या को 53 से घटाया गया है और इस तरह प्राप्त संख्याओं का माध्य 3 5 है। दी गई संख्याओं का माध्य है

(A) 56·5

(B) 53·5

(C) 49·5

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**36.** The ratio of the ages of two brothers is 4 : 3. If the elder brother is 6 years older than the younger one, then their ages (in years) are

(A) 24, 18

(B) 36, 30

(C) 15, 9

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**37.** The value of

$$1 \quad \frac{1}{2} \quad 1 \quad \frac{1}{3} \quad 1 \quad \frac{1}{4} \quad \cdots \quad 1 \quad \frac{1}{n}$$

is

(A) $\frac{n \quad 1}{n}$

(B) $\frac{1}{n}$

(C) $\frac{1}{n \quad 1}$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**38.** The quadratic equation with roots 1 and 4 is

(A) $x^2 \quad 3x \quad 4 \quad 0$

(B) $x^2 \quad 3x \quad 3 \quad 0$

(C) $x^2 \quad 4x \quad 1 \quad 0$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**39.** The Sun observation point of Aditya-L1 satellite is

(A) L1

(B) L2

(C) L3

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**40.** Ginger is an underground stem and not a root because

(A) it stores food material

(B) it has nodes and inter-nodes

(C) it lacks chlorophyll

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**41.** The focal length of a convex lens is $f_L$ 10 cm. On immersing in water, it will act as a

(A) convex lens of $f_L$ 10 cm

(B) concave lens of $f_L$ 10 cm

(C) convex lens of $f_L$ 10 cm

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**36.** दो भाइयों की उम्रों का अनुपात 4 : 3 है। यदि बड़ा भाई, छोटे भाई से 6 वर्ष बड़ा है, तो दोनों भाइयों की उम्र (वर्ष में) हैं

(A) 24, 18

(B) 36, 30

(C) 15, 9

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** $1 \quad \frac{1}{2} \quad 1 \quad \frac{1}{3} \quad 1 \quad \frac{1}{4} \cdots 1 \quad \frac{1}{n}$ का मान है

(A) $\frac{n \quad 1}{n}$

(B) $\frac{1}{n}$

(C) $\frac{1}{n \quad 1}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** मूलों 1 और 4 वाला द्विघात समीकरण है

(A) $x^2 \quad 3x \quad 4 \quad 0$

(B) $x^2 \quad 3x \quad 3 \quad 0$

(C) $x^2 \quad 4x \quad 1 \quad 0$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** आदित्य-L1 उपग्रह का सूर्य अवलोकन बिन्दु है

(A) L1

(B) L2

(C) L3

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** अदरक एक भूमिगत तना है एवं जड़ नहीं है, क्योंकि

(A) यह खाद्य-सामग्री का भण्डारण करता है

(B) इसमें गाँठ एवं पर्व होते हैं

(C) इसमें क्लोरोफिल की कमी होती है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** एक उत्तल लेंस की फोकस दूरी $f_L$ 10 से॰ मी॰ है। पानी में इसे डुबोने पर यह कार्य करेगा

(A) $f_L$ 10 से॰ मी॰ के एक उत्तल लेंस की तरह

(B) $f_L$ 10 से॰ मी॰ के एक अवतल लेंस की तरह

(C) $f_L$ 10 से॰ मी॰ के एक उत्तल लेंस की तरह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**42.** Though water is transparent to visible light, it is not possible to see distant objects in fog which consists of fine drops of water. This is so because

(A) fine drops of water are opaque to visible light

(B) most of the light is scattered to create apparent opacity

(C) light rays suffer total internal reflection and so unable to reach observer's eyes

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**43.** Monochromatic light enters from one medium to the other. Which one of the following properties does ***not*** change?

(A) Frequency

(B) Amplitude

(C) Velocity

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**44.** The speed of an electron in the orbit of the hydrogen atom in the ground state is

(A) $c$

(B) $c/2$

(C) $c/137$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**45.** A blackbody radiates energy at the rate of $E$ watt per metre$^2$ at a high temperature $T$ K. When the temperature is reduced to $T/3$ K, the radiant energy (in watt per metre$^2$) will be

(A) $E/16$

(B) $E/27$

(C) $E/81$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**46.** The acid which can destroy the colour of acidic $KMnO_4$ is

(A) $CH_3COOH$

(B) $C_6H_8O_7$

(C) $CH_3CH_2COOH$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**42.** हालाँकि दृश्य प्रकाश में जल पारदर्शक होता है, दूरस्थ वस्तुओं को जल की महीन बूँदों से निर्मित कोहरे में नहीं देखा जा सकता। यह इसलिए होता है, क्योंकि

(A) दृश्य प्रकाश में जल की महीन बूँदें अपारदर्शी होती हैं

(B) अधिकतर प्रकाश बिखरकर आभासी अस्पष्टता निर्मित करता है

(C) प्रकाश किरणों का पूर्ण आंतरिक परावर्तन होने से वे प्रेक्षक की आँखों तक नहीं पहुँच पाती हैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** एकवर्णी प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में प्रवेश करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा गुण **नहीं** बदलता है?

(A) आवृत्ति

(B) आयाम

(C) वेग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** निम्नतम अवस्था में हाइड्रोजन परमाणु की कक्षा में एक इलेक्ट्रॉन की चाल होती है

(A) $c$

(B) $c/2$

(C) $c/137$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** एक कृष्णिका एक उच्च तापक्रम $T$ K पर $E$ वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से ऊर्जा का विकिरण करती है। जब $T/3$ K तापक्रम कर दिया जाए, तो विकिरित ऊर्जा (वाट प्रति वर्ग मीटर में) होगी

(A) $E/16$

(B) $E/27$

(C) $E/81$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** अम्ल, जो अम्लीय $KMnO_4$ का रंग नष्ट कर सकता है, है

(A) $CH_3COOH$

(B) $C_6H_8O_7$

(C) $CH_3CH_2COOH$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**47.** Who was the writer of 'Banglar Mati, Banglar Jal', which was originally a protest song against the Partition of Bengal in 1905 by Lord Curzon, and for which the West Bengal Assembly passed a resolution as the new State Anthem recently?

(A) Kazi Nazrul Islam

(B) Rabindranath Tagore

(C) Sukanta Bhattacharya

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**48.** Who is the architect of the new Parliament of India building inaugurated recently?

(A) Bimal Patel

(B) Rahul Mehrotra

(C) Yogesh Kapoor

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**49.** Which one of the following Indian films was screened at the 76th Cannes Film Festival in May 2023?

(A) Anurag Kashyap's *Kennedy*

(B) Kanu Behl's *Agra*

(C) Neeraj Pandey's *Khakee*

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**50.** Azali Assoumani, who attended the G20 Summit in New Delhi as the current Chairperson of the African Union which has become the newest member of G20, is the President of which country in the African Union?

(A) Republic of the Congo

(B) Gabon

(C) Comoros

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**51.** When is the 'Human Rights Day' celebrated annually?

(A) 10th November

(B) 10th December

(C) 24th October

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**47.** 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' के लेखक कौन थे, जो मूल रूप से 1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल के विभाजन के खिलाफ एक विरोध-गीत था, और जिसके लिए पश्चिम बंगाल विधान सभा ने हाल ही में नए राज्य गान के रूप में एक प्रस्ताव पारित किया है?

(A) काजी नजरूल इस्लाम

(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) सुकांत भट्टाचार्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** हाल ही में उद्घाटित किए गए भारत के नए संसद भवन के वास्तुकार कौन हैं?

(A) बिमल पटेल

(B) राहुल मेहरोत्रा

(C) योगेश कपूर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** 76वें कान्स फिल्म महोत्सव, मई 2023 में, निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय फिल्म प्रदर्शित की गई?

(A) अनुराग कश्यप की *केनेडी*

(B) कनु बहल की *आगरा*

(C) नीरज पांडे की *खाकी*

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** अज़ाली असौमानी, जिन्होंने अफ्रीकी संघ के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जो G20 का सबसे नया सदस्य बन गया है, वे अफ्रीकी संघ के किस देश के राष्ट्रपति हैं?

(A) कांगो गणराज्य

(B) गैबन

(C) कोमोरोस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** 'मानव अधिकार दिवस' प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?

(A) 10 नवम्बर

(B) 10 दिसम्बर

(C) 24 अक्तूबर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**52.** Who was the founder of 'Indian National Army (INA)'?

(A) Subhash Chandra Bose

(B) Mohan Singh

(C) Lala Lajpat Rai

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**53.** 'Tana Bhagat Movement' was related to

(A) Dalit Movement

(B) Tribal Movement

(C) Peasant Movement

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**54.** In which State is 'Raksha Bandhan' celebrated as 'Tree Safety Day'?

(A) Madhya Pradesh

(B) Uttar Pradesh

(C) Bihar

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**55.** In which of the following states is black soil found?

(A) Karnataka

(B) Gujarat

(C) Uttarakhand

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**56.** How many types of species of flora and fauna are there in India?

(A) 81000 species of fauna and 47000 species of flora

(B) 70000 species of fauna and 50000 species of flora

(C) 50000 species of fauna and 40000 species of flora

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**52.** 'भारतीय राष्ट्रीय सेना (आइ० एन० ए०)' के संस्थापक कौन थे?

(A) सुभाष चन्द्र बोस

(B) मोहन सिंह

(C) लाला लाजपत राय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** 'ताना भगत आन्दोलन' सम्बन्धित है

(A) दलित आन्दोलन से

(B) आदिवासी आन्दोलन से

(C) किसान आन्दोलन से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** किस राज्य में, 'रक्षाबन्धन' को 'वृक्ष सुरक्षा दिवस' के रूप में मनाया जाता है?

(A) मध्य प्रदेश

(B) उत्तर प्रदेश

(C) बिहार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** निम्नलिखित में से किस राज्य में काली मिट्टी पाई जाती है?

(A) कर्नाटक

(B) गुजरात

(C) उत्तराखण्ड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** भारतवर्ष में वनस्पति एवं जीवों की कितनी प्रजाति पाई जाती हैं?

(A) 81000 प्रजाति जीवों की एवं 47000 प्रजाति वनस्पति की

(B) 70000 प्रजाति जीवों की एवं 50000 प्रजाति वनस्पति की

(C) 50000 प्रजाति जीवों की एवं 40000 प्रजाति वनस्पति की

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**57.** Minerals are deposited and accumulated in the strata of which of the following rocks?

(A) Sedimentary rocks

(B) Metamorphic rocks

(C) Igneous rocks

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**58.** Which one of the following is a leguminous crop?

(A) Pulse

(B) Jowar

(C) Millet

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**59.** Which two of the following extreme locations are connected by the East-West Corridor?

(A) Mumbai and Nagpur

(B) Mumbai and Kolkata

(C) Silchar and Porbandar

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**60.** Stalactite and stalagmite structures are formed by

(A) wind action

(B) underground water

(C) snow action

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**61.** April 22 is celebrated as the

(A) World Earth Day

(B) World Health Day

(C) World Ozone Day

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**62.** Topographical map of India is prepared by which organization?

(A) The Geological Survey of India

(B) The Survey of India

(C) The Zoological Survey of India

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**57.** खनिज निम्नलिखित में से किस चट्टान के स्तर में जमा होता है?

(A) अवसादी चट्टान

(B) रूपान्तरित चट्टान

(C) आग्नेय चट्टान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक फलीदार फसल है?

(A) दलहन

(B) ज्वार

(C) बाजरा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से कौन-से दो चरम स्थान पूर्व-पश्चिमी गलियारे से जुड़े हैं?

(A) मुम्बई और नागपुर

(B) मुम्बई और कोलकाता

(C) सिल्चर और पोरबन्दर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** स्टैलेक्टाइट एवं स्टैलेग्माइट स्थलाकृतियाँ बनती हैं

(A) पवन द्वारा

(B) भूमिगत जल द्वारा

(C) बर्फ द्वारा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** 22 अप्रैल को किस रूप में मनाते हैं?

(A) विश्व पृथ्वी दिवस

(B) विश्व स्वास्थ्य दिवस

(C) विश्व ओज़ोन दिवस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** भारत का स्थलाकृतिक मानचित्र किस संगठन द्वारा बनाया जाता है?

(A) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

(B) भारतीय सर्वेक्षण

(C) भारतीय प्राणि सर्वेक्षण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**63.** Who first described the Revolt of 1857 as the 'First Indian War of Independence'?

(A) V. D. Savarkar

(B) Bal Gangadhar Tilak

(C) R. C. Majumdar

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**64.** Which of the following events happened first?

(A) Santhal Rebellion

(B) Rebellion of Birsa Munda

(C) Tana Bhagat Movement

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**65.** Which revolt is mentioned in Bankim Chandra Chatterjee's novel, *Anandamath*?

(A) Sannyasi

(B) Pagalpanthi

(C) Indigo

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**66.** When were 'Swadeshi' and 'Boycott' first adopted as forms of struggle in India?

(A) Partition of Bengal

(B) Home Rule Movement

(C) Non-Cooperation Movement

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**67.** Who was the President of the Indian National Congress at the Gaya Session of 1922?

(A) Chittaranjan Das

(B) Hakim Ajmal Khan

(C) Mahatma Gandhi

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**68.** Who led the peasants of Bihar during the Non-Cooperation Movement?

(A) Raj Kumar Shukla

(B) Swami Vidyanand

(C) Rajendra Prasad

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**69.** Who founded Hindu College at Calcutta in 1817?

(A) Henry Vivian Derozio

(B) David Hare

(C) Jonathan Duncan

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**70.** Who among the following said that "Congress is to tottering to its fall and one of my great ambitions while in India is to assist it to a peaceful demise"?

(A) Dufferin

(B) Minto

(C) Curzon

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**63.** 1857 के विद्रोह को किसके द्वारा पहली बार 'प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' के रूप में वर्णित किया गया था?

(A) वी० डी० सावरकर

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) आर० सी० मजूमदार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे पहले हुई?

(A) सन्थाल विद्रोह

(B) बिरसा मुंडा का विद्रोह

(C) ताना भगत आन्दोलन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** बंकिम चन्द्र चटर्जी का उपन्यास, *आनन्दमठ* में किस विद्रोह का उल्लेख है?

(A) संन्यासी

(B) पागलपंथी

(C) नील

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** प्रथम बार संघर्ष के तरीकों के रूप में 'स्वदेशी' एवं 'बहिष्कार' भारत में कब अपनाया गया?

(A) बंगाल विभाजन

(B) होम रूल आन्दोलन

(C) असहयोग आन्दोलन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** 1922 में, आयोजित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के गया अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

(A) चित्तरंजन दास

(B) हकीम अजमल ख़ाँ

(C) महात्मा गाँधी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** असहयोग आन्दोलन के दौरान किसने बिहार में किसानों की अगुवाई की?

(A) राजकुमार शुक्ल

(B) स्वामी विद्यानन्द

(C) राजेन्द्र प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** 1817 में, कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना किसने की?

(A) हेनरी विवियन डेरोजियो

(B) डेविड हेअर

(C) जोनाथन डंकन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** इनमें से किसने कहा था कि "काँग्रेस का महल लड़खड़ा रहा है और भारत में रहते हुए मेरी एक बड़ी महत्त्वाकांक्षा यह है कि मैं शान्ति के साथ इसे मरने में सहयोग दे सकूँ"?

(A) डफरिन

(B) मिन्टो

(C) कर्जन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

# PART—III

## ( HINDI )

**71.** हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक इतिहासकार मिश्रबंधुओं द्वारा लिखित चार खंडों की रचना का क्या नाम है?

(A) *मिश्रबंधु-इतिहास*

(B) *मिश्रबंधु-परिहास*

(C) *मिश्रबंधु-विनोद*

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** आदिकालीन 'पृथ्वीराज रासो' किसकी रचना है?

(A) लूइपा

(B) चंदबरदाई

(C) नरपति नाल्ह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73.** हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक काल का 'आदिकाल' नामकरण किसने किया?

(A) ग्रियर्सन

(B) डॉ॰ रामकुमार वर्मा

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** भक्तिकाल की समय-सीमा क्या मानी गई है?

(A) सं॰ 1350 से 1700

(B) सं॰ 1375 से 1700

(C) सं॰ 1375 से 1730

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** "पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय॥"
ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं?

(A) कबीरदास

(B) गरीबदास

(C) रैदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** हिन्दी में सूफी प्रेमाख्यान लिखने वाले कवि हैं

(A) मलूकदास

(B) वीरभान

(C) मलिक मुहम्मद जायसी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**77.** भक्तिकाल के किस कवि के नाम के पूर्व 'गोस्वामी' लगाया जाता है?

(A) ईश्वरदास

(B) तुलसीदास

(C) अग्रदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** उत्तरमध्यकाल को 'रीतिकाल' की संज्ञा किस विद्वान ने दी है?

(A) मिश्रबंधु

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79.** "निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को सूल॥"

यह किसका कथन है?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** 'गोदान' किस विधा की रचना है?

(A) कहानी

(B) उपन्यास

(C) संस्मरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** 'हल्दीघाटी' के रचनाकार कौन हैं?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) श्यामनारायण पांडेय

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित नाटक है

(A) *आधे-अधूरे*

(B) *सबसे बड़ा आदमी*

(C) *ध्रुवस्वामिनी*

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**83.** हिन्दी साहित्य के किस काल को 'हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग' कहा गया है?

(A) भक्तिकाल

(B) आदिकाल

(C) आधुनिक काल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** 'रामचरितमानस' में कितने कांड हैं?

(A) पाँच

(B) सात

(C) आठ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** सुमित्रानंदन पंत आधुनिक काल के किस धारा के कवि हैं?

(A) प्रगतिवाद

(B) प्रयोगवाद

(C) छायावाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 86 से 88 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

"संसार के सभी श्रेष्ठ धर्मों में हमें एक उच्च नैतिक शिक्षा के दर्शन होते हैं। सभी धर्म ये उपदेश देते हैं कि मनुष्य किसी की हत्या न करे, चोरी न करे, दूसरों की भलाई करे। अगर वह यह चाहता है कि दूसरे उसे हानि न पहुँचाएँ, तो वह किसी को हानि न पहुँचाए। उसे यश और ऐश्वर्य के पीछे नहीं भागना चाहिए, क्योंकि ये क्षणिक हैं। केवल आत्मा शाश्वत है। धार्मिक भावना का मधुर स्वर जीवन का संगीत है।"

**86.** प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) यश और ऐश्वर्य

(B) नैतिकता और धर्म

(C) धार्मिकता और माधुर्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**87.** मानव का अस्तित्व कैसा है?

(A) सर्वोत्तम

(B) सर्वाक्ष

(C) क्षणिक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** 'ऐश्वर्य' का अर्थ है

(A) वैभव

(B) धन

(C) ईश-कृपा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**निर्देश (प्रश्न संख्या 89 से 92 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

"आधुनिक युग विज्ञान-युग नाम से जाना जाता है। आज विज्ञान की उपलब्धि का पताका धरती से आकाश तक फहरा रहा है। उधर विज्ञान की महिमा का प्रचार-प्रसार है। मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकृति को जीत लिया है। मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा विद्युत्, वाष्प, सौर ऊर्जा और गैस की खोज कर दिग्दिगंतरों में अपनी विजय-दुंदुभी बजाकर सारे संसार में एक क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है।"

**89.** प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) युग का चमत्कार

(B) आधुनिक युग का रंग

(C) विज्ञान—एक वरदान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** विज्ञान की तथ्यात्मक परिभाषा है

(A) विशेष ज्ञान

(B) सभी तथ्यों का ज्ञान

(C) क्रमबद्ध, सुसंगठित और प्रयोगात्मक ज्ञान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** 'दिग्दिगंतर' का अर्थ है

(A) दिशाओं के अंत में

(B) दिशाओं के अंतर में

(C) सभी दिशाओं में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** 'धरती से आकाश तक पताका फहराना' का अर्थ है

(A) ऊँचा झंडा

(B) बहुत बड़ी सफलता मिलना

(C) बड़ा झंडा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 93 से 96 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

"दिया-बत्ती का समय आ गया था। धनिया ने जाकर देखा, तो बोतल में मिट्टी का तेल न था। बोतल उठाकर तेल लाने चली गई। पैसे होते तो रूपा को भेजती, उधार लाना था, कुछ मुँहदेखी कहेगी; कुछ लल्लो-चप्पो करेगी, तभी तो तेल उधार मिलेगा।"

**93.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) लेन-देन

(B) काम का समय

(C) गरीबी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** 'दिया-बत्ती का समय होना' का अर्थ है

(A) संध्या होना

(B) उजाला होना

(C) उजाला करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** 'मुँहदेखी करना' का अर्थ है

(A) पहली बार सामने होना

(B) बात-चीत करना

(C) परिचय का लाभ लेना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**96.** 'लल्लो-चप्पो करना' का अर्थ है

(A) लालच भरी बात

(B) गिड़गिड़ाना

(C) मनचाही मधुर बात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**निर्देश (प्रश्न संख्या 97 से 100 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

''आचार्य जी का मिलन मेरे लिए कितना सुखद तथा प्रेरणादायक रहा है। मैं वर्षों से उनके मधुर सान्निध्य में लगातार सीखता रहा हूँ। उनकी ही प्रेरणा से अध्ययनरत रहा। उनकी ही सीख से कर्तव्यपरायणता को गाँठ बाँध लिया। उनकी शिक्षा का पालन जीवन भर करता रहा हूँ। मेरा जीवन सन्मार्गगामी हो गया है। मैं धन्य हो गया हूँ।''

**97.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) बदलाव

(B) सीख

(C) प्रभुत्व

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** 'सान्निध्य' का अर्थ है

(A) ध्यान में

(B) गरिमा में

(C) निकटता का प्रेरक भाव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** 'गाँठ बाँध लेना' मुहावरे का अर्थ है

(A) दृढ़ निश्चय करना

(B) बंधन में रखना

(C) गाँठ बना लेना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** 'धन्य होना' का अर्थ है

(A) सौभाग्यशाली होना

(B) धनी बन जाना

(C) धन-धान्य से संपन्न होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 101 से 104 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

''सांध्य काल था। अभी धुँधलका था। शहर रोशनी से जगमगा उठा। हर घर में लक्ष्मी की पूजा होने लगी। बच्चों के मन में फुलझड़ियाँ चल रही थीं। कुछ ही पलों में चारों ओर से पटाके, राकेट और आतिशबाजी की चमक-तमक से वातावरण मन को आह्लादित करने लगा। हर मन श्रीराम को याद कर प्रसन्नता से आसमान छू रहा था।''

**101.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) खुशी का दिन

(B) पावन पर्व

(C) दीपावली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** 'मन में फुलझड़ी चलना' का अर्थ है

(A) बच्चों का खेल

(B) आतिशबाजी

(C) बहुत खुश होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** 'आसमान छूना' का अर्थ है

(A) झूठी बात

(B) सराहनीय सफलता

(C) असंभव बात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** 'श्रीराम' को क्यों याद किया गया है?

(A) वे मर्यादापुरुषोत्तम हैं

(B) उनके वनवास से अयोध्या लौटने की खुशी में

(C) वे भारतीयों के आराध्य देव हैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**निर्देश (प्रश्न संख्या 105 से 108 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

''एक बार मैंने रधिया को उसके झूठ बोलने के संबंध में सारगर्भित उपदेश दिया, पर उसने अपने मैले-फटे अंचल से आँसू पोंछते हुए जो सफाई दी, वह भी कुछ कम सारगर्भित न थी। उसका आदमी बहुत भोला है। उसका हृदय इतना कोमल है कि छोटी-छोटी चोटों से भी धीरज खो बैठता है। घर की दशा ऐसी नहीं कि उतने जीवों को दोनों समय भोजन भी मिल सके, इसी से वह अपने और बच्चों के छोटे-मोटे दुःख को छिपा जाती है। अब भगवान उसे परलोक में जो चाहे दंड दें, पर किसी का कुछ छीन लेने के लिए वह झूठ नहीं बोलती।''

**105.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है

(A) सहनशील रधिया

(B) धार्मिक रधिया

(C) रधिया ने झूठ बोला

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** 'भोला होना' का अर्थ है

(A) मूर्ख होना

(B) अशिक्षित होना

(C) सीधा होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** 'धीरज खो बैठना' का अर्थ है

(A) बेहोश होना

(B) चीखने लगना

(C) परेशान हो जाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** 'आँसू पोंछना' का अर्थ है

(A) चेहरे को साफ करना

(B) दर्द सहने का प्रयास करना

(C) आँख को साफ करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** निम्नलिखित कहानियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **कहानी** | **लेखक** |
|---|---|
| a. *चीफ़ की दावत* | 1. प्रेमचंद |
| b. *लाल पान की बेगम* | 2. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' |
| c. *ईदगाह* | 3. फणीश्वरनाथ रेणु |
| d. *उसने कहा था* | 4. भीष्म साहनी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **उपन्यास** | **लेखक** |
|---|---|
| a. *राग दरबारी* | 1. मन्नू भंडारी |
| b. *आपका बंटी* | 2. कृष्णा सोबती |
| c. *झूठा सच* | 3. श्रीलाल शुक्ल |
| d. *जिन्दगीनामा* | 4. यशपाल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**111.** 'गणेश' में कौन-सी संधि है?

(A) स्वर संधि

(B) व्यंजन संधि

(C) विसर्ग संधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** 'पराधीन' का संधि-विच्छेद है

(A) पर् + आधीन

(B) पर + आधीन

(C) पर + अधीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** 'नीलकमल' में कौन-सा समास है?

(A) अव्ययीभाव समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** 'Citizen' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है

(A) आदमी

(B) मानव

(C) नागरिक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**115.** 'Syllable' का व्याकरणिक हिन्दी पारिभाषिक शब्द है

(A) वर्ण

(B) अक्षर

(C) पद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** 'समास' के कितने भेद हैं?

(A) छः

(B) सात

(C) आठ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** "यह <u>स्वादिष्ट</u> फल है।" वाक्य में 'स्वादिष्ट' किस वर्ग का शब्द है?

(A) क्रिया-विशेषण

(B) विशेषण

(C) सर्वनाम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** 'खाक छानना' का अर्थ है

(A) धूल इकट्ठा करना

(B) धूल साफ करना

(C) दर-दर भटकना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**119.** 'ऊँट के मुँह में जीरा' का अर्थ है

(A) ऊँट द्वारा जीरा खाना

(B) कमजोर हो जाना

(C) बहुत बड़े को बहुत थोड़ा देना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** रिक्त वाक्य की पूर्ति के लिए शब्द-चयन कीजिए :

वह प्रतिदिन ______ भ्रमण के लिए निकलता है।

(A) खरीददारी

(B) सदा

(C) सांध्यकालीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**121.** वाक्य के प्रारंभ में 'जैसे' और मध्य में 'वैसे' का प्रयोग होने पर किस प्रकार के वाक्य की रचना होती है?

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**122.** "मारा गया हाय! वह।" शुद्ध कीजिए :

(A) वह मारा गया हाय।

(B) वह, हाय मारा गया।

(C) हाय! वह मारा गया।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**123.** "आज रविवार का दिन हैं।" शुद्ध कीजिए :

(A) आज रविवार-दिन है।

(B) आज रविवार हैं।

(C) आज रविवार है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**124.** "संख्या में बस ग्यारह बच्चे दौड़ रहे हैं।" वाक्य में कौन-सा पदबंध है?

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**125.** "वह घायल शेर की तरह दहाड़ता गया।" वाक्य में किस पदबंध की योजना है?

(A) संज्ञा पदबंध

(B) क्रिया-विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**126.** 'वाच्य' के कितने भेद हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**127.** "मुझसे भागा नहीं जाता।" वाक्य में किस वाच्य की योजना है?

(A) भाववाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) कर्तृवाच्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**128.** 'आज्ञार्थक वाक्य' वाक्य के आधार पर वर्गीकृत नाम है

(A) शैली-आधार

(B) अर्थ-आधार

(C) संरचना-आधार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**129.** संरचना-आधार पर वाक्य के कितने भेद किए जाते हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**130.** शुद्ध शब्द का चयन कीजिए :

(A) कम्प्यूठर

(B) कमप्यूटर

(C) कंप्यूटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**131.** "अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।
आँचल में है दूध और आँखों में पानी॥"
इसमें कौन-सी व्यंजना है?

(A) आर्थी व्यंजना

(B) शाब्दी व्यंजना

(C) विशेष व्यंजना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**132.** अलंकार शब्द के 'अलम्' का क्या अर्थ है?

(A) पूरा

(B) अधिक

(C) शृंगार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**133.** 'पीपर पात सरिस मन डोला' में उपमेय क्या है?

(A) पीपर पात

(B) मन

(C) डोला

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**134.** "या अनुरागी चित्त की, गति समुझै नहिं कोई।
ज्यों-ज्यों बूड़ै स्याम रंग, त्यों-त्यों उज्जलु होई।"
इसमें कौन-सा अलंकार है?

(A) रूपक

(B) उत्प्रेक्षा

(C) विरोधाभास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**135.** 'उत्प्रेक्षा' का शाब्दिक अर्थ क्या है?

(A) संभावना

(B) सुंदर

(C) श्रेष्ठता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**136.** "उदित उदयगिरि मंच पर, रघुवर बालपतंग।
विकसे संत-सरोज सब, हरषे लोचन-भृंग॥"
इसमें किस अलंकार की योजना है?

(A) उपमा

(B) उत्प्रेक्षा

(C) रूपक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**137.** "अति कटु वचन कहति कैकेई।
मानहु लोन जरे पर देई॥"
इसमें कौन-सा अलंकार है?

(A) विरोधाभास

(B) उत्प्रेक्षा

(C) रूपक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**138.** "मोम-सा तन घुल चुका अब,
दीप-सा मन जल चुका अब।"
इसमें कौन-सा अलंकार है?

(A) उत्प्रेक्षा

(B) उपमा

(C) रूपक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**139.** दोहा छंद में प्रत्येक पंक्ति में मात्राओं की योजना क्या होती है?

(A) 13+11

(B) 12+12

(C) 14+10

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** "अस कहि फिर चितइ तेहि ओरा।
सिय मुख ससि भय नयन चकोरा॥"
इसमें किस छंद की योजना है?

(A) दोहा

(B) सोरठा

(C) चौपाई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**141.** किस छंद के प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती हैं और ग्यारह, तेरह पर यति होती है?

(A) रोला

(B) दोहा

(C) गीतिका

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**142.** छंद-गणना में मात्रा के कितने भेद हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**143.** सामान्य रूप से काव्य-गुण के कितने भेद हैं?

(A) तीन

(B) पाँच

(C) सात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**144.** ''इनकी गाथा छोड़ चलो, झाँसी के मैदानों में,
जहाँ लड़ी थी लक्ष्मीबाई, मर्द बनी मर्दानों में।''
इसमें कौन-सा काव्य-गुण है?

(A) माधुर्य

(B) ओज

(C) प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145.** ''चारु चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही थीं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है, अवनि और अंबर तल में।''
इन पंक्तियों में किस काव्य-गुण की योजना है?

(A) माधुर्य

(B) ओज

(C) प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**146.** रस-निष्पत्ति के स्थायी भाव के अतिरिक्त कितने तत्त्व माने गए हैं?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**147.** हिन्दी में संस्कृत के 9 रसों में कितने नए रस जुड़ गए हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**148.** शांत रस का स्थायी भाव है

(A) करुण

(B) विस्मय

(C) निर्वेद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**149.** ''बालधी बिसाल बिकराल ज्वाल-जाल मानों,
लंक लीलिबे को काल रसना पसारी है।
कैंधो व्योमबीथिका भरे हैं भूरि धूमकेतु,
वीररस बीर तरवारि सी उधारी है॥''
इन पंक्तियों में किस रस का परिपाक है?

(A) हास्य रस

(B) भयानक रस

(C) शांत रस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** ''मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।''
इन पंक्तियों में किस रस का परिपाक है?

(A) भक्ति रस

(B) शांत रस

(C) वात्सल्य रस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

★ ★ ★

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

पुस्तिका शृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

# भाषा, सामान्य अध्ययन और हिन्दी

**समय : 2:30 घण्टे** **पूर्णांक : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका तीन भागों में विभाजित है—भाग–I, भाग–II एवं भाग–III। भाग–I में **भाषा (अर्हता)** के प्रश्न हैं, भाग–II में **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं तथा भाग–III में **हिन्दी** के प्रश्न हैं।
2. भाग–I में प्रश्न संख्या **1** से **30**, भाग–II में प्रश्न संख्या **31** से **70** (प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं) तथा भाग–III में प्रश्न संख्या **71** से **150** तक हैं।
3. **सभी** प्रश्नों का अंक समान है।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु एक पृष्ठ (पृष्ठ सं० 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर—(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर करेगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com



24DK2—6918×4